नवंबर 2015

# कॉर्पोरेट न्यूज़

एचएलएल का न्यूज़लेटर

# एचएलएल भवन - मुंबई



मुंबई के खारगर में संस्थापित एचएलएल भवन का उद्घाटन कर रहे हैं श्री जगत प्रकाश नड्डा, सम्माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री । पास खडे हैं एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन।

एचएलएल लाइफ़केयर लिमिटेड मुंबई में संस्थापित एचएलएल भवन का उद्घाटन, माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कैबिनट मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 23 नवंबर को किया । उद्घाटन भाषण में मंत्री जी ने कहा कि एचएलएल द्वारा हासिल कर रहे अभूतपूर्व प्रगति के लिए मुझे बहूत खुशी है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि महाराष्ट्र के लोगों को अधिक सेवाएँ प्रदान करने के लिए मुंबई कार्यालय सक्षम बनेगा ।

महा मारियों केलिए दवाएँ कम लागत में आम लोगों को उपलब्ध कराना उनके सपना था। उन्होंने जोडा कि वह दायित्व हिम्मत के साथ लेकर कम अवधि में ही 'अमृत' नाम से उस योजना को साकार करने में गर्व महसूस हो रहा है और अमृत योजना के कार्यकलापों पर विचार करने के बाद राष्ट्र के अन्य राज्यों में भी फैलाएँगे।

2016 में आयोजित होने वाले एचएलएल स्वर्ण जयंती समारोह के लोगो के प्रकाशन कार्य भी केंद्र मंत्री श्री नड्डा ने किया । एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ.एम.अय्यप्पन ने कहा, मुंबई कार्यालय की कार्यपद्धतियाँ क्षेत्रीय ग्राहकों को भी उपलब्ध कराने की ओर सुसज्जित करेंगे।

नवी मुंबई के खारगर में स्थापित कार्यालय में एचएलएल के बायोटेक लिमिटेड के बिना कई विपणन कार्यालय, हाइट्स, हिंदुस्तान लैटेक्स परिवार नियोजन प्रोन्नमन न्यास (एचएलएफपीपीटी) आदि कार्यालय भी कार्य करेंगे।

महाराष्ट्रा स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री डॉ. दीपक रामचंद्र सावंत, पनवेल विधान सभा सदस्य, श्री प्रशांत ठाकूर, मावल सांसद, श्री श्रीरंग बर्ने, एचएलएल निदेशक गण श्री आर.पी.खण्डेलवाल (वित्त), डॉ.बाबु तोमस (विपणन) आदि भी उद्घाटन समारोह में भाग लिए।

# एचएलएल भवन - मुंबई उद्घाटन

## ज़ादा तसवीरें



माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कैबिनट मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करते हुए एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन ।

एचएलएल क्षेत्रीय कार्यालय भवन के आधार शिलान्यास करते हुए मंत्री महोदय।






समारोह के उद्घाटन भद्रदीप प्रज्वलित कर रहे हैं माननीय मंत्री महोदय।

# हिंदी पखवाडा समापन समारोह




हिंदी पखवाडा समापन समारोह का उद्घाटन कर रहे हैं एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन ।

एचएलएल के हिंदी पखवाडा के समापन समारोह के सिलसिले में एचएलएल पेरूरकडा फैक्टरी में आयोजित समारोह का उद्‌घाटन एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन ने किया। केरल विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ.एस. तंकमणि अम्मा मुख्य अतिथि थी।


डॉ.एम.अय्यप्पन ने अपने भाषण में व्यक्त किया कि राजभाषा हिंदी, कर्मचारियों के बीच में प्रचार करने में हम प्रतिज्ञाबद्ध हैं। उन्होंने जोडा कि राजभाषा पर एचएलएल की प्रतिबद्धता का अंगीकार है राजभाषा पुरस्कार।

डॉ.एस. तंकमणि अम्मा ने कहा -देशभक्ति को ही हम भाषा स्नेह के ज़रिए प्रकट करते हैं। हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संगठन की भाषा सूची में अविलंब जोड दिया जाएगा और हिंदी भाषा को प्रोत्साहित करने केलिए एचएलएल द्वारा किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय है।

राजभाषा के सर्वोत्तम कार्यान्वयन किए यूनिटों के लिए एचएलएल द्वारा लगाई ''चलवैजन्ती '' (पहला पुरस्कार) एचएलएल कनगला फैक्टरी हकदार बनी है। पेरूकडा फैक्टरी को दूसरा स्थान है।

पखवाडा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं के पुरस्कार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा वितरण किया गया। निदेशक (तकनीकी एवं प्रचालन) डॉ.के.आर.एस. कृष्णन, एचएलएल के कंपनी सचिव एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष (मानव संसाधन) श्री पी. श्रीकुमार आदि समारोह में उपस्थित था।

## एक नज़र में



01 नवंबर 2015 को आयोजित 'थिंक टैंक' लेकचर्र सीरीस में ''कॉर्पोरेटों द्वारा लिटिगेशनः वकील और न्यायाधीश के रूप में अनुभव'' विषय पर क्लास लेते हुए न्यायाधीश सी.एन. रामचन्द्रन नायर, (पूर्व न्यायाधीश , केरल उच्च न्यायालय)



हिंदी पखवाडा के सिलसिले में आयोजित हिंदी वाक्पटुता प्रतियोगिता से।

# एम्स में एचएलएल के अमृत फार्मसी का प्रारंभ



ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स में एचएलएल द्वारा प्रारंभित अफोरडबिल मेडिसिन्स एंड रिलयबिल इंप्लांट्स फोर ट्रीटमेंट (अमृत) फार्मसी का उद्घाटन कर रहे हैं श्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्र स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री । पास खडे हैं एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन।

कैंसर, ह्दयरोग आदि बीमारियों के लिए दवायें किफायती दर पर उपलब्ध कराने के लिए ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स (एम्स) में एचएलएल द्वारा प्रारंभित अफोरडबिल मेडिसिन एंड रिलयबिल इंप्लांट्स फोर ट्रीटमेंट (अमृत)फार्मसी माननीय केंद्र स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 15 नवंबर 2015 को उद्घाटन किया।

आम जनता को सांत्वना देते हुए अपेक्षित दवाएं 97% तक कम कीमत पर अमृत फार्मसियों से मिलते हैं। श्री नड्डा ने कहा - 15 -20 दिनों में अमृत की सफलता पर विचार करके अन्य केंद्रों में विस्तार बढाने की योजना है। सभी केंद्र अस्पतालों में इस योजना की फायदा उठाना है। मंत्री महोदय ने जोडा कि राष्ट्र के सभी राज्य भी यह सुविधा चुन लि जा सकता है।

एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम. अय्यप्पन ने कहा - किफायती लागत पर 195 कैंसर दवाएं, 186 कार्डियोवास्कुलर दवाएं एवं कार्डियो इंप्लांट्स अमृत फार्मसी के ज़रिए वितरण करेंगे ।

कीमोथेरापी केलिए उपयोग कर रहे डोकटाक सेल इंजेक्शन को सार्वजनिक बाजार में रु. 13,440 है। यह अमृत फार्मसी में 94% किफायती दर पर रु. 888.75 को मिलेंगे। काबोप्लांटिल 450 मि. ग्रा के बाहर का मूल्य 2561. 57 है। यह अमृत में रु. 1316.25 को प्राप्त होता है।

दवाओं के उत्पादन खर्चा से अधिक मूल्य वसूल किया जा रहा है। कैंसर की दवाएँ बाजारों में अनियंत्रित स्थिति में है। रोगियों के आय को देखकर रिटेल दूकानदार अपनी इच्छा से मूल्य लेते हैं। नाम के वास्ते मूल्य कम करके और उसको अधिक कमी बताने की गलत तरीका भी हैं। इन सभी परिस्थितियों को विचार करके इस अवस्था में ज्यादा परिवर्तन लाने के उद्देश्य से एक योजना प्रारंभ करने के लिए, सरकार ने निर्णय लिया और एचएलएल को जिम्मेदारी सौंपी है।

दवा के अलावा ह्दयरोग चिकित्सा से संबंधित इंप्लान्टउपकरण भी यहाँ कम लागत पर मिलेंगे। अनेक लागों को तक्लीफ देने वाली दोनों बीमारियों के इलाज खर्च कम करने के भाग के रूप में हैं यह योजना। एचएलएल ही दवा एवं इंप्लान्ट का वितरण करता है। अध्यक्ष एंव प्रबंध निदेशक ने जोडा कि डाक्टरों से केवल विश्वसनीय दवा पर्ची स्वीकार करेंगें।